पत्र सूचना कार्यालय

भारत सरकार

*****

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने तमिलनाडू की राजधानी चेन्नई में 70 हजार करोड़ रूपये की विभिन्न आधारभूत परियोजनाओं का उदघाटन किया और आधारशिला रखी

**भारत के इतिहास में तमिलनाडु और तमिल संस्कृति सबसे पुरानी संस्कृतियों में से एक है, जिसने हमेशा से दुनिया में भारत को यश दिलाया और भारत के नाम को रोशन किया-** श्री अमित शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा **चाहे संस्कृति हो, चाहे तत्व ज्ञान, विज्ञान, कला, शिल्प शास्त्र और स्वतंत्रता आंदोलन, तमिलनाडु के योगदान को कोई भुला नहीं सकता। मैं इस महान धरती को बार-बार प्रणाम करता हूं**

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार चट्टान की तरह तमिलनाडू सरकार के साथ खड़ी है और राज्य के विकास के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध

**तमिलनाडु को जो योजनाएं और रुपया दिया, वह कोई मदद नहीं है यह तमिलनाडु का अधिकार है, जो अभी तक नहीं मिलता था वह अधिकार नरेन्द्र मोदी जी ने उन तक पहुंचाया है**

मोदी सरकार ने तमिलनाडू के लिए डिफेंस कोरिडोर के साथ ही सागरमाला के तहत राज्य में बंदरगाह और सड़क परियोजनाओ के विकास के लिए 2.25 लाख करोड़ रूपये के निवेश को मंजूरी दी

**तमिलनाडु ने कोविड के खिलाफ सबसे अच्छी लड़ाई लड़ी है, देश भर में सबसे ज्यादा 97 फीसदी का रिकवरी रेट तमिलनाडु राज्य में है**

**कोविड महामारी के दौर में गर्भवती माताओं और नवजात शिशुओं का जितना ख्याल तमिलनाडु सरकार ने रखा, उतना कोई अन्य राज्य सरकार नहीं कर सकी**

**तमिलनाडु ने 1.20 करोड़ परिवारों को 2024 तक 100 फीसदी लोगों तक पीने का पानी पहुंचाने की योजना बनाई है, राज्य के 9 लाख ग्रामीणों तक पानी पहुंचाने का काम कोविड के बावजूद कर दिया गया**

**देश भर के 10 करोड़ किसानों के बैंक खातों में अबतक 95 हजार करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए, तमिलनाडु के 45 लाख किसानों को लगभग 4,404 करोड़ रुपये सीधे उनके बैंक खाते में डाले गए**

**तमिलनाडु ब्लू रिवॉल्यूशन फंड का ढंग से इस्तेमाल करता है, तो मुझे भरोसा है कि ब्लू रिवॉल्युशन में भी यह देश का नंबर वन राज्य बन सकता है**

**मोदी जी के नेतृत्व में देश की सीमाओं को सुरक्षित करने का काम किया गया है। अब तमिलनाडु के मछुआरों के सामने अब कोई आंख उठाकर नहीं देख सकता**

नई दिल्ली, 21 नवंबर, 2020

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने आज तमिलनाडू की राजधानी चेन्नई में 70 हजार करोड़ रूपये की विभिन्न आधारभूत परियोजनाओं का उदघाटन किया और आधारशिला भी रखी। श्री अमित शाह ने 61,843 करोड़ रूपये की चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण की आधारशिला रखी। साथ ही उन्होंने तिरूवल्लूर जिले के थेरवाईकंडिगई (Theravaikandigai) में नवनिर्मित जलाशय राष्ट्र को समर्पित किया। श्री अमित शाह ने तमिलनाडू के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न एम. जी. रामचन्द्रन और जे जयललिता को श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर तमिलनाडू के मुख्यमंत्री एडाप्पडी के. पलानीस्वामी, उपमुख्यमंत्री ओ. पनीरसेलवम, राज्य विधानसभा के अध्यक्ष आर धनापाल, तमिलनाडू सरकार के कई अन्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

अपने सम्बोधन में कहा कि श्री अमित शाह ने कहा कि **भारत के इतिहास में तमिलनाडु और तमिल संस्कृति सबसे पुरानी संस्कृतियों में से एक है, जिसने हमेशा से दुनिया में भारत को यश दिलाया और भारत के नाम को रोशन किया।** केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **चाहे संस्कृति हो, चाहे तत्व ज्ञान, विज्ञान, कला, शिल्प शास्त्र और स्वतंत्रता आंदोलन, तमिलनाडु के योगदान को कोई भुला नहीं सकता। मैं इस महान धरती को बार-बार प्रणाम करता हूं। उन्होंने विश्वास जताया**

**कि महान एमजीआर और जयललिता के नेतृत्व में तमिलनाडु ने जैसे विकास किया था, मौजूदा मुख्यमंत्री पलानिस्वामी के नेतृत्व में भी राज्य ऐसे ही विकास कर देश का सबसे अच्छा राज्य बन सकता है।**



केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार चट्टान की तरह तमिलनाडू सरकार के साथ खड़ी है और राज्य के विकास के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है। **आज जिन परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमि पूजन हुआ उनके माध्यम से तमिलनाडु के विकास को नई गति देने का काम शूरू हुआ है। हम बड़ी विनम्रता के साथ कहते हैं, हमने तमिलनाडु को जो योजनाएं और रुपया दिया, वह तमिलनाडु के लिए कोई मदद नहीं है। यह तमिलनाडु का अधिकार है, जो अभी तक नहीं मिलता था जो नरेन्द्र मोदी जी ने यह अधिकार उन तक पहुंचाया है। जब केन्द्र में मनमोहन सिंह सरकार ने 2013-14 में अंतिम बार बजट पेश किया था तो उन्होंने तमिलनाडु के लिए 16155 करोड़ रुपये का प्रवाधान किया था जबकि हाल में मोदी सरकार ने पेश किए गए**

**अपने बजट में राज्य के लिए 32,850 करोड़ रुपये दिया गया और योजनाओं का पैसा इससे अलग था।**




श्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने तमिलनाडू के लिए डिंफेंस कोरिडोर को देने के साथ ही सागरमाला के तहत राज्य में बंदरगाह और सड़क परियोजनाओ के विकास के लिए 2.25 लाख करोड़ रूपये के निवेश को मंजूरी दी है। साथ ही ईस्ट कोस्ट रोड के लिए 13,700 करोड़ रुपये दिए गए हैं। **मदुरई में 1264 करोड़ रुपये के निवेश से एम्स का शिलान्यास मोदी जी ने कर दिया है। 13,795 करोड़ रुपये की लागत से** ईस्ट कोस्ट रोड का **काम शुरू हो चुका है। भारत के महान राष्ट्रपति एपीजी अब्दुल कलाम के नाम पर मेमोरियल का शुभारम्भ मोदी जी ने तमिलनाडु की धरती पर किया है। तेजस एक्सप्रेस कुछ राज्यों में शुरू की गई, जिसमें भी राज्य का नाम शामिल है। चेन्नई-मदुरई रूट पर तेजस एक्सप्रेस चलेगी, जो मेक इन इंडिया का सबसे बड़ा उदाहरण है। हमारे चेन्नई सेंट्रल का नाम बदलकर महान डॉ. एमजीआर के नाम पर करने का काम मोदी जी ने किया है।**

**कोविड के खिलाफ लड़ाई का जिक्र करते हुए श्री अमित शाह ने कहा कि पूरे देश में मोदी जी के नेतृत्व में देश ने सफलतापूर्वक इस महमारी का सामना किया है। उन्होंने कहा कि इसका**

**मुख्य कारण है, दुनिया में कोविड के खिलाफ सरकारें लड़ती थीं, भारत में केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों और 130 करोड़ की जनता ने मोदी जी के नेतृत्व में इस महामारी से लड़ाई लड़ी। तमिलनाडु सरकार और राज्य के मुख्यमंत्री पलानिस्वामी और उप मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए श्री शाह ने कहा कि तमिलनाडु देश के ऐसे कुछ राज्यों में जिन्होंने कोविड के खिलाफ सबसे अच्छी लड़ाई लड़ी है। देश भर में सबसे ज्यादा 97 फीसदी का रिकवरी रेट अगर कहीं है तो वह सिर्फ तमिलनाडु राज्य में है। भारत सरकार ने कोविड से जुड़े जो भी निर्देश दिए, तमिलनाडु ने उनका अक्षरशः पालन किया। देश भर में कोविड महामारी के दौर में गर्भवती माताओं और नवजात शिशुओं का जितना ख्याल तमिलनाडु सरकार ने रखा, उतना कोई अन्य राज्य सरकार नहीं कर सकी।**



केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **तमिलनाडु के 1.42 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से 15 फीसदी परिवारों के पास ही पेयजल कनेक्शन था, अब मोदी जी एक नई योजना लेकर आए हैं। इसके**

तहत, 2024 तक हर घर में पानी का कनेक्शन पहुंचाना है। मैं तमिलनाडु सरकार का अभिनंदन करना चाहता हूं कि उन्होंने 1.20 करोड़ परिवारों को 2024 तक 100 फीसदी लोगों तक पीने का पानी पहुंचाने की योजना बनाई है और उसमें राज्य के 9 लाख ग्रामीणों तक पानी पहुंचाने का काम कोविड के बावजूद कर दिया गया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने सालाना 6,000 रुपये किसानों के खातों में ट्रांसफर करना शुरू किया है। देश भर के 10 करोड़ किसानों के बैंक खातों में अबतक 95 हजार करोड़ रुपये हस्तांतरित किए जा चुके हैं। पिछली सरकार ने 10 साल में सिर्फ 60 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया था वहीं नरेन्द्र मोदी सरकार ने 3 साल में 95 हजार करोड़ रुपये किसानों के बैंक खाते में सीधे देने का काम किया है। तमिलनाडु के 45 लाख किसानों को लगभग 4,404 करोड़ रुपये सीधे उनके बैंक खाते में डाले गए हैं। साथ ही ग्रामीण सरकारी बैंक और आरआरबी के माध्यम से किसानों को 30 हजार करोड़ रुपये अलग से दिए गए हैं। नाबार्ड के द्वारा 90 हजार करोड़ रुपये एग्री इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए अलग मुहैया कराए गए हैं।



ब्लू क्रांति का जिक्र करते हुए श्री अमित शाह ने कहा कि तमिलनाडु में इसके लिए काफी संभावनाएं हैं। भारत सरकार ने अलग से मत्स्य पालन विभाग की शुरुआत की। इसके लिए 20 हजार करोड़ की लागत से एक ब्लू रिवॉल्युशन फंड की स्थापना की है। देश में मछली उत्पादन में तमिलनाडु चौथे पायदान पर हैं। लगभग 4,341 करोड़ रुपये का निर्यात भी होता है और 88 हजार एमटी मछली का उत्पादन होता है। यदि तमिलनाडु ब्लू रिवॉल्यूशन फंड का ढंग से इस्तेमाल करता है, तो मुझे भरोसा है कि ब्लू रिवॉल्युशन में भी यह देश का नंबर वन राज्य बन सकता है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी जी के आने के बाद गत 6 साल में देश में स्वस्थ स्पर्धा की शुरुआत हुई। अब सुशासन के लिए सभी राज्यों के बीच एक स्पर्धा होती है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सुशासन में इस साल तमिलनाडु का पहला नंबर रहा है। जल संरक्षण और जल वितरण क्षेत्र में भी राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के तहत इस साल सर्वश्रेष्ठ राज्यों में तमिलनाडु को ही पहला स्थान मिला है।

श्री अमित शाह ने कहा कि देश भर के किसानों को उनकी उपज का बेहतर दाम दिलाने के लिए मोदी सरकार कई कृषि सुधार लेकर आई है। मैं तमिलनाडु सरकार का इसके लिए अभिनंदन करना चाहता हूं कि राज्य ने डटकर इन कृषि सुधारों का समर्थन किया है। यह तमिलनाडु के किसानों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है कि आने वाले समय में देश के साथ-साथ तमिलनाडु के किसानों को भी इनका फायदा मिलगा। नरेन्द्र मोदी जी 60 वर्षों से वंचित 60 करोड़ गरीब परिवारों के लिए कई योजनाएं लाए। सबसे पहले हर गरीब के घर में जनधन अकाउंट पहुंचाने का काम किया, जिससे उन्हें डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम में बिचौलियों की भूमिका खत्म हो गई। इसके बाद हर गरीब माता के घर में रसोई गैस सिलिंडर पहुंचाने का काम किया और 13 करोड़ गरीब माताओं को गैस सिलिंडर उपलब्ध कराया। उसके बाद में हर गरीब के घर में शौचालय बनवाने का काम भी मोदी सरकार ने ही किया है। इसके अलावा सरकार ने हर गरीब को घर देने का वादा किया है, मुझे विश्वास है कि 2022 तक देश की आबादी के 75 साल तक यह काम भी हो जाएगा। हर गरीब के घर में साफ पेयजल पहुंचे, इसके लिए शुरुआत नरेन्द्र मोदी सरकार ने की है। इसमें भी तमिलनाडु ने अच्छा काम किया है। इन सारी योजनाओं को अच्छे से लागू करने करने के लिए राज्य से समर्थन मिल जाए तो मुझे विश्वास है कि तमिलनाडु ऐसे शीर्ष राज्यों में होगा जिन्होंने अच्छे से केन्द्र की योजनाओं को लागू किया है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश की सीमाओं को सुरक्षित करने का काम किया गया है। अब तमिलनाडु के मछुआरों के सामने अब कोई आंख उठाकर नहीं देख सकता। उनकी सब कठिनाइयों को जानकर उन्हें वापस लाने के लिए मोदी जी सदैव तत्पर हैं। मोदी जी जब श्रीलंका गए तो भी जाफना को नहीं भूले। वहां तमिल बस्तियों में जाकर अपने भाइयों-बहिनों से मिले और उनको आवास दिलाने से जुड़े प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। लगभग 50 हजार से ज्यादा तमिल परिवारों को लंका के अंदर आवास मिलने हैं और क्षतिग्रस्त मंदिरों के निर्माण का कार्य भी शुरू किया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में हमारे सुरक्षा बलों का हौसला मजबूत है। परसों ही पड़ोसी देश से भेजे गए चार आतंकवादी बहुत बड़ी घटना को अंजाम देना चाहते थे, उनको रास्ते में रोका गया और चारों भारी असलहों के साथ एनकाउंटर में मारे गए। मोदी जी नेतृत्व में सुरक्षा बलों का हौंसला मजबूत हुआ है। मैं आज उन सभी सुरक्षा बलों का अभिनंदन करना चाहता हूं, जिन्होंने जान की बाजी लगाकर देश को सुरक्षित किया है। मुझे भरोसा है कि मोदी जी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित रहेंगी और देश विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा। दुनिया भर में देश का नाम और सम्मान आसमान की बुलंदियां छूते नजर आएंगे।

***

एनडब्लयू/आरके/पीके/एडी